प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पुरूषों में सीबी प्रथम व महिलाओं में गांधी भवन चैम्पियन
### मार्च पास्ट में कस्तूरबा व नेहरू भवन बने चैंम्पियन
### 55वीं एथलेटिक मीट का हर्षोल्लास के बीच समापन

पंतनगर। 10 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विद्यार्थियों की तीन–दिवसीय 55वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन छात्र वर्ग में सीबी प्रथम व छात्राओं में गांधी भवन को चैम्पियन घोषित किया गया। साथ ही छात्र वर्ग में अली रहमान व जतिन तथा छात्रा वर्ग में जयश्री राय व नेहा बोहरा को बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चैम्पियन घोषित किया गया। इसके अलावा मार्च पास्ट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर छात्र वर्ग में नेहरू भवन व छात्रा वर्ग में कस्तूरबा भवन को अव्वल घोषित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाडियों को विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने पुरस्कृत किया। इसके साथ ही 55वीं खेल–कूद प्रतियोगिता के समापन की घोषणा विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा की गयी।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन दिखाया। विश्वविद्यालय की ओर से उन्होंने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने सभी का स्वागत किया। स्टाफ काउंसलर डा. सुधीर कुमार ने प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रभारी अधिकारी, शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, वार्डन सहित भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।




*मार्च पास्ट के चैंम्पियन कस्तूरबा भवन व नेहरू भवन को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह एवं अन्य।*




चैम्पियन एथलीट जयश्री राय, नेहा बोहरा  तथा अली रहमान व जतिन को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह एवं अन्य।